शनिवार
03 फरवरी 2024
# केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
आपकी आवाज



विधायक के करीबी नेता की बेटी से छह ने किया सामूहिक दुष्कर्म 2



## काला हिरण शिकार केस में चेनारी के पूर्व थानाध्यक्ष शंभु कुमार बर्खास्त

**केटी न्यूज/रोहतास**

रोहतास जिले के चर्चित काला हिरण शिकार मामले में पूर्व चेनारी थानाध्यक्ष शंभु कुमार को डीआईजी ने बर्खास्त कर दिया है। चार माह पूर्व इसकी शिकायत मिली थी। जिसकी जांच के बाद यह कार्रवाई की गई है। शुक्रवार को डेहरी कार्यालय में डीआईजी नवीन चंद्र झा ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तत्कालीन थानाध्यक्ष शंभु कुमार को 4 महीने पहले ही इस मामले में निलंबित किया गया था।



डीआईजी नवीन चंद्र झा।

डीआईजी झा ने बताया कि ने बताया कि 15 सितंबर 2023 को चेनारी थाना क्षेत्र के लॉजी गांव से गुप्त सूचना के आधार पर काले हिरण के मांस सहित सींग के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था। चेनारी के तत्कालीन थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने न तो इस मामले में कोई कानूनी कार्रवाई की न ही अपने वरीय पदाधिकारियों और वन विभाग को सूचित किया। निजी लाभ के उद्देश्य से काले हिरण के मांस की बात को छिपाते हुए गिरफ्तार अभियुक्त राजू बेग को पीआर बॉन्ड पर थाना से ही छोड़ दिया गया था।

# व्यास जी के तहखाने में पूजा पर रोक लगाने से इलाहाबाद हाईकोर्ट का इंकार

**ज्ञानवापी मामला**

- अब 6 फरवरी को होगी मामले में अगली सुनवाई
- वाराणसी की अदालत ने 31 जनवरी को अपने आदेश में ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में स्थित व्यास जी के तहखाने में पूजा अर्चना करने की दी है अनुमति





**एजेंसी/वाराणसी**

ज्ञानवापी मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट से मस्जिद की इंतजामिया कमेटी को राहत नहीं मिली है। हाईकोर्ट ने ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यास जी के तहखाने में पूजा पाठ पर रोक लगाने से इंकार कर दिया है। हाईकोर्ट ने मस्जिद की इंतजामिया कमेटी को जिला जज वाराणसी द्वारा 31 जनवरी को दिए गए आदेश से पहले 17 जनवरी के आदेश को चुनौती देने का निर्देश दिया है। 6 फरवरी को अब मामले में अगली सुनवाई होगी। गौरतलब है कि ज्ञानवापी मस्जिद का प्रबंधन करने वाली अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी ने वाराणसी की अदालत के आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती देते हुए यह अपील दायर की है। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने मस्जिद कमेटी की याचिका पर सुनवाई छह फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी है। अदालत में दाखिल अपील में काशी विश्वनाथ मंदिर के न्यासी मंडल और आचार्य वेद व्यास पीठ मंदिर के मुख्य पुजारी शैलेन्द्र कुमार पाठक को पक्षकार बनाया गया है।

मस्जिद पक्ष के अधिवक्ता सीनियर एडवोकेट सैयद फरमान अहमद नकवी ने अपना पक्ष रखा। इसके बाद हिंदू पक्ष के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने उसका विरोध किया। वाराणसी की अदालत के निर्णय के खिलाफ दाखिल अपील में दलील दी गई कि यह वाद स्वयं में पूजा स्थल अधिनियम, 1991 के तहत पोषणीय नहीं है। साथ ही तहखाने के व्यास परिवार के स्वामित्व में होने या पूजा आदि के लिए देखरेख किए जाने की कोई चर्चा नहीं थी जैसा कि मौजूदा वाद में दावा किया गया है। वाराणसी की अदालत ने 31 जनवरी, 2024 को दिए अपने आदेश में हिंदू श्रद्धालुओं को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के भीतर व्यास जी के तहखाने में पूजा अर्चना करने की अनुमति दी थी। अदालत ने कहा था कि जिला प्रशासन अगले सात दिनों के भीतर इस संबंध में आवश्यक व्यवस्था करे।

### खास तबके को निशाना बना जुल्म कर रही सरकार: नोमानी

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ज्ञानवापी मस्जिद में शुक्रवार को शांतिपूर्ण तरीके से जुमे की नमाज संपन्न हुई। ज्ञानवापी परिसर में स्थित व्यासजी तहखाने में पूजा-पाठ का आदेश मिलने के बाद यह पहला मौका रहा जब 2000 की संख्या में नमाजी जुटे और जुमे की नमाज अदा की। इस दौरान करीब 45 मिनट तकरीर चली। इसमें शहर मुफ्ती मौलाना अब्दुल बातिन नोमानी ने विवादित तकरीर की। जुमे की नमाज से पहले मस्जिदों में खुतबा यानी तकरीर होती है। खुतबे में मस्जिद में मौजूद नमाजियों व दूसरे लोगों के लिए संदेश जारी किए जाते हैं। मौलाना नोमानी ने अपनी तकरीर में केंद्र और यूपी की सरकारों पर जमकर निशाना साधा। कहा, मुल्क में इन दिनों बदले की भावना रखने वाली हुकूमतें काम कर रही हैं। एक खास तबके को निशाना बनाकर उन पर जुल्म किए जा रहे हैं। पिछले कुछ सालों से एक खास तबके को टारगेट किया जा रहा है। उनकी मस्जिदों और दूसरे इबादतगाहों को निशाना बनाया जा रहा है।

### हेमंत सोरेन के इस्तीफा के बाद आनन-फानन में बने सीएम

# चंपई सोरेन ने झारखंड के 12वें मुख्यमंत्री के रूप में ली शपथ

- कांग्रेस के आलमगीर आलम और राजद के सत्यानंद भोक्ता ने ली मंत्री पद की शपथ
- झारखंड में नई सरकार की ताजपोशी के बाद सभी 39 विधायकों को चार्टर्ड प्लेन से भेजा गया हैदराबाद

**केटी न्यूज/रांची**

चंपई सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड के 12वें सीएम के रूप में शपथ ली। सीएम चंपई के साथ ही कांग्रेस के आलमगीर आलम और राजद के सत्यानंद भोक्ता ने मंत्री पद की शपथ ली। झारखंड में नई सरकार की ताजपोशी के बाद जेएमएम गठबंधन के सभी विधायकों को चार्टर्ड प्लेन से हैदराबाद भेज दिया गया। झारखंड के 23 साल में अब तक अर्जुन मुंडा और शिबू सोरेन तीन-तीन बार सीएम बने हैं। वहीं रघुवर दास एकमात्र ऐसे सीएम रहे जिन्होंने अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा किया है। इससे पहले राजभवन में शपथ ग्रहण से पहले राष्ट्रगान हुआ। इसके बाद विधायक दल के नेता चंपई सोरेन को शपथ के लिए बुलाया गया। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने चंपई को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। चंपई सोरेन ने सबसे पहले 1991 में सरायकेला से चुनाव जीता था। इसके बाद से वे लगातार 30 साल से इस सीट से विधायक हैं। इससे पहले वे हेमंत कैबिनेट में दो बार मंत्री बनाए जा चुके हैं।

वहीं उधर शपथ ग्रहण के बाद महागठबंधन के सभी विधायक को हैदराबाद भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार सभी विधायक फ्लोर टेस्ट तक हैदराबाद में ही रहेंगे। जेएमएम को आशंका है कि फ्लोर टेस्ट तक बीजेपी इन विधायकों को अपने पाले में कर सकती है।



### गांव में कभी पिता के साथ खेतों में हल चलाते थे चंपई सोरेन

झारखंड में सरायकेला-खरसांवा जिले के जिलिंगगोड़ा गांव में कभी अपने पिता के साथ खेतों में हल चलाने वाले चंपई सोरेन राजनीति में एक लंबा सफर तय कर राज्य के मुख्यमंत्री पद तक पहुंचे हैं। अलग झारखंड राज्य के लिए 1990 के दशक में चले लंबे आंदोलन में अपने योगदान को लेकर 67 वर्षीय चंपई झारखंड टाइगर के नाम से भी जाने जाते हैं। बिहार के दक्षिणी हिस्से को विभाजित कर वर्ष 2000 में झारखंड का गठन किया गया था। चंपई ने झामुमो विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद बताया कि वे अपने पिता सिमल सोरेन के साथ खेतों में काम किया करता था। अब किस्मत ने उन्हें एक अलग भूमिका निभाने का मौका दिया है। सरकारी स्कूल से मैट्रिक तक की पढ़ाई करने वाले चंपई की शादी काफी कम उम्र में ही हो गई थी। उनके चार बेटे और तीन बेटियां हैं। चंपई सोरेन सितंबर 2010 से जनवरी 2013 के बीच अर्जुन मुंडा नीत भाजपा-झामुमो गठबंधन सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे थे। 2019 में चंपई खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति और परिवहन मंत्री बनाये गए।

### रांची कोर्ट ने हेमंत सोरेन को 5 दिनों की ईडी रिमांड पर भेजा

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को रांची की एक अदालत ने 5 दिनों की ईडी रिमांड पर भेज दिया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने कोर्ट से 10 दिनों की रिमांड की मांग की थी। हेमंत सोरेन को बुधवार को ईडी ने जमीन घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। इस बीच सोरेन ईडी की हिरासत में ही राजभवन पहुंचे और सीएम पद से इस्तीफा दे दिया। हेमंत सोरेन ने ईडी की गिरफ्तारी को सुप्रीम कोर्ट में भी चुनौती दी, जहां से उन्हें राहत नहीं मिली। शीर्ष अदालत ने उन्हें पहले हाई कोर्ट जाने के लिए कहा है। अब सोरेन की याचिका पर हाई कोर्ट में सुनवाई हो सकती है।

**पांच फरवरी को विश्वास मत हासिल करेगी सरकार:** न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार पांच फरवरी को विश्वास मत हासिल करेगी। मंत्री आलमगीर आलम ने शुक्रवार को मंत्रिमंडल की बैठक के बाद यह जानकारी दी।

### अगली बार सीएम नहीं होंगे नीतीश: मंडल

**पटना।** अपने बयानों को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहने वाले जेडीयू विधायक गोपाल मंडल एक बार फिर चर्चा में हैं। गोपाल मंडल ने दावा करते हुए कहा है कि जिस राजनेता पर मेरा हाथ होता है, उसकी जीत पक्की होती है। इस दौरान गोपाल मंडल ने दो-तीन नाम गिनाते हुए कहा कि जिस पर मेरी नजर पड़ जाती है वह अपने क्षेत्र में भारी बहुमत से लीड करता है।

गोपालपुर से जेडीयू विधायक अक्सर अपने विवादित बयानों को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। ऐसे में एक बार फिर गोपाल मंडल अपने बयान को लेकर चर्चा में छाये हुए हैं। गोपाल मंडल ने दावा करते हुए कहा है कि - मेरा हाथ जिस राजनेता पर पड़ जाता है, वह अपने क्षेत्र में विजयी होता है। इस दौरान गोपाल मंडल ने सकुनी चौधरी, रेणु सिंह,शाहनबाज हुसैन जैसे नेता को विधायक और सांसद बनाने का दावा किया। उन्होंने कहा कि - जिस पर मेरी नजर पड़ जाती है वह अपने क्षेत्र में भारी बहुमत से लीड करता है। इसके आलावा उन्होंने कहा कि - नीतीश कुमार अगली बार सीएम नहीं रहेंगे लेकिन अगला सीएम कौन रहेगा इसकी जानकारी भी उन्होंने नहीं दी है। पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान गोपाल मंडल ने कांग्रेस विधायक अजीत शर्मा पर भी गंभीर आरोप लगाया है। गोपाल मंडल ने आरोप लगाते हुए कहा कि मेरे साथ अजीत शर्मा का कोई वजूद नहीं है। उन्होंने यह भी दावा किया कि वे लोकसभा चुनाव में तीन लाख वोटों के साथ लीड करेंगे। इसके आलावा राजद के बिहार में सरकार बनाने के दावों को लेकर कहा कि- दावा तो कोई भी कर सकता है, दावा करने में कहां कोई समस्या है। लेकिन, जदयू एक जूट है इसमें कोई तोड़ नहीं होने वाला है।

## सुमित सिंह को मंत्री बनाने पर विवाद, मांझी ने बोला हमला

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में नयी-नयी एनडीए सरकार में रोज नया बखेड़ा सामने आया है. नयी बनी सरकार में निर्दलीय विधायक सुमित सिंह को मंत्री बनाकर मलाईदार विभाग देने की तैयारी के खिलाफ जीतन राम मांझी ने खुला मोर्चा खोल दिया है। मांझी ने कहा है-मुझे दूसरे जगह से मुख्यमंत्री बनाने का ऑफर था लेकिन मैं नहीं गया। उसके बाद इस सरकार में जो हो रहा है वह ठीक नहीं है। जीतन राम मांझी ने मीडिया से बात में कहा कि सरकार में निर्दलीय विधायक को मंत्री बना दिया गया है। ऐसी चर्चा हो रही है कि उन्हें मनचाहा विभाग भी दिया जायेगा। ये सरासर गलत है। मैं इसका विरोध करता हूं।

**हम को दो मंत्री पद मिले:** जीतन राम मांझी ने कहा कि उन्हें राजद की ओर से मुख्यमंत्री बनाने का ऑफर मिला था, लेकिन उन्होंने



उस ऑफर को ठुकरा दिया। अब उनकी पार्टी को एनडीए सरकार में सिर्फ एक मंत्री पद दिया जा रहा है। ये सरासर गलत है। मांझी ने कहा- मैंने अमित शाह और नित्यानंद समेत बीजेपी के दूसरे नेताओं को कह दिया है कि हम को कम से कम दो मंत्री पद मिलना चाहिये।

उधर, खबर ये है कि सुमित सिंह को मंत्री बनाने से चिराग पासवान भी नाराज हैं। सुमित सिंह ने पिछले लोकसभा चुनाव में चिराग पासवान का जमुई में जमकर विरोध किया था। सुमित सिंह को मंत्री बनाने से ये मैसेज साफ साफ गया है कि नीतीश कुमार चिराग पासवान को निपटाने की रणनीति से अलग नहीं हटे हैं।

### लखनऊ में दिनदहाड़े तीन लोगों की गोली मारकर हत्या

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में दिनदहाड़े 3 लोगों की गोली मारकर हत्या की गई है। यह हत्या जमीनी विवाद को लेकर हुई है और बदमाशों ने दिनदहाड़े अंधाधुंध फायरिंग की है। लखनऊ के मलिहाबाद थाना क्षेत्र के रेहमतनगर इलाके में 3 लोगों की हत्या से इलाके में हड़कंप मच गया। कार सवार बदमाशों की अंधाधुंध फायरिंग में 5 लोगों को गोली लगी, गोली लगने से 3 लोगों की मौत हो गई। इस घटना में मरने वालों में ताज खा, फरहीन पत्नी फरीद, हलदा पुत्र फरीद है। वहीं इस घटना में 2 लोगों की हालत गंभीर है और गंभीर घायलों को इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर भेजा गया। लखनऊ पुलिस कमिश्नर एसबी शिरोडकर ने कहा कि यह पता चला है कि दो पक्षों में भूमि विवाद था, भूमि की पैमाइश के लिए लेखपाल आए थे। पैमाइश के दौरान कुछ विवाद हुआ, जिन लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया है उन्होंने अपने लाइसेंसी हथियार से गोली चलाई है।





### रांची में शुरू हुई फिल्म की शूटिंग, बोले कल्लू- मनोरंजन का भरपूर खजाना है यह फिल्म

# अरविंद अकेला की फिल्म प्रोडक्शन नंबर वन का हुआ भव्य मुहूर्त

**केटी न्यूज/रांची**

भोजपुरी युवा दिलों की धड़कन सुपर स्टार अरविंद अकेला कल्लू स्टारर फिल्म प्रोडक्शन नंबर 1 का शुभ मुहूर्त जे एम एफ भोजपुरी, 49 बी, ब्लाक अपर सोनारी जमशेदपुर में संपन्न हो गया। इस दौरान अरविंद अकेला कल्लू, निर्देशक वेंकट महेश, निमार्ता बद्रीनाथ झा और अरुण झा मौजूद रहे। इस फिल्म की शूटिंग शुक्रवार से रांची में शुरू हो गयी है।

फिल्म के निर्माता बद्रीनाथ झा ने बताया कि यह एक नए तरीके की फिल्म है। इस फिल्म के निर्माण में लेटेस्ट कैमरा और तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। फिल्म की पटकथा भी मजेदार और दर्शकों को बांधकर रखने वाली होगी। इस फिल्म में बॉलीवुड से सुयेश राय, दयाशंकर पांडे, अभिषेक झा के साथ बंगाली कलाकार भी नजर आएंगे। हमने फिल्म में इस तरह से नया आधार क्रिएट करने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि हम कह सकते हैं कि देश की मुख्य फिल्म इंडस्ट्री से आए कलाकारों और तकनीशियन के साथ भोजपुरी



में हम कुछ नया करने का प्रयास कर रहे हैं।

वहीं फिल्म को लेकर अरविंद अकेला कल्लू ने कहा कि प्रोडक्शन नंबर वन मनोरंजन का भरपूर खजाना लेकर आ रहा है। इसमें एक से बढ़कर एक प्रतिभाशाली कलाकार और टेक्निशियनों के साथ काम करने का अवसर मिला। फिल्म की कहानी बेजोड़ है। उम्मीद है कि यह फिल्म जब पर्दे पर रिलीज होगी तो बॉक्स ऑफिस के सारे रिकॉर्ड टूट जाएंगे। यह मेरी लाइफ कि अब तक की सबसे अलग तरीके की फिल्म है। बता दें कि बद्री झा फिल्म्स और अरुण झा फिल्म्स के बैनर तले बनी फिल्म प्रोडक्शन नंबर 1 की शूटिंग जमशेदपुर, रांची, कोलकाता, लेह और लद्दाख में की जाएगी। फिल्म अरविंद अकेला कल्लू के साथ दर्शना बनिक, खराज मुखर्जी, दया शंकर पाण्डेय, सुवेश राय, अभिषेक झा, रीना रानी और लावणी सरकार मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म के पी आर ओ रंजन सिन्हा हैं। फिल्म की पटकथा राकेश त्रिपाठी ने लिखी है।

### बिहार में लागू हो फिल्म नीति: पिक्चर्स प्रोड्यूसर एसोसिएशन

**पटना।** बिहार में एनडीए सरकार बनने के बाद पहली बार इंडियन पिक्चर्स प्रोड्यूसर एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात की। जिसमें उन्होंने बिहार सरकार से राज्य में जल्द से जल्द फिल्म नीति को लागू करने और फिल्मों को सब्सिडाइज्ड करने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व एसोसिएशन के अध्यक्ष अभय सिन्हा ने किया।



जबकि प्रतिनिधिमंडल में उनके साथ इमप्पा के कार्यकारिणी सदस्य व फिल्म मेकर्स कंबाइन के महासचिव निशांत उज्जवल भी मौजूद थे। दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने सम्राट चौधरी से बिहार में फिल्मों के विकास और यहां के कलाकारों को उचित मंच प्रदान करने के लिए फिल्म नीति को यथाशीघ्र लागू करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इससे प्रदेश में रोजगार के भी मौके सृजित होंगे, क्योंकि यहां जब फिल्म में बनने लगेगी, तब बिहार के मनोरम लोकेशन पर शूट करने के लिए बॉलीवुड समेत हर इंडस्ट्री से लोग आएंगे। बिहार के पर्यटन को भी बढ़ावा देने में कारगर साबित होगा।

# एटीएम मशीन काट सात लाख रुपए उड़ा ले गये चोर, घटना सीसीटीवी में कैद

- तीन से पांच की संख्या में थे अपराधी, 20-25 मिनट में गैस कटर से बॉक्स काट ले भागे पैसे

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर में गड़हनी थाना क्षेत्र के अगिआंव मोड़ स्थित एसबीआई के एटीएम के कैश बॉक्स को काट चोर करीब सात लाख रुपए उड़ा ले गए। चोरी की वारदात शुक्रवार अहले सुबह करीब पौने चार बजे की बताई जा रही है। चोरों ने पहले सीसीटीवी कैमरे पर स्प्रे छिड़का और फिर अलार्म का तार काट। उसके बाद गैस कटर से महज 20 से 25 मिनट में एटीएम के कैश बॉक्स को काट पैसे ले भागे। हालांकि पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गयी है। घटना की सूचना मिलने पर जब तक पुलिस पहुंचती, तबतक काफी देर हो चुकी और चोर आराम से भाग चुके थे। चोरों की संख्या तीन से पांच बताई जा रही है। उनमें मुंह बंधा एक चोरों फुटेज में दिखाई दे रहा है। चोरों की गिरफ्तारी को एसपी के निर्देश पर टीम गठित कर छापेमारी की जा रही है। इधर, एटीएम काटने और चोरी की पहली घटना से गड़हनी में सनसनी मची है। गड़हनी थानाध्यक्ष प्रियंका गुप्ता व चरपोखरी थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा मामले की जांच में जुटे हैं। बताया जा रहा है कि चोर करीब पौने चार बजे आरा



सासाराम स्टेट हाइवे किनारे स्थित एक मार्केट में स्थित एटीम बूथ में पहुंचे। सीसीटीवी फुटेज पर स्प्रे छिड़का, अलार्म का तार का काटा और गैस कटर से कैश बॉक्स काट पैसे की चोरी कर ली। घटना स्थल मौके पर एटीएम के कुछ टुकड़े भी गिरे थे, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज मिला है। उसमें अपराधियों के फोटो व वीडियो हैं। अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर टीम गठित कर दी गयी है। गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एटीएम बूथ में चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी है। उसमें चोरों की सारी करतूत दिख रही है। फुटेज के अनुसार चोर सुबह करीब 3:44 बजे एटीएम में पहुंचते हैं। लाल रंग का जैकेट पहने एक चोर शटर उठा कर अंदर घुसता है, तो उसे सीसीटीवी कैमरा दिखता है। तब वह पीछे लौट जाता है और दुबारा स्प्रे लेकर आता है। वह कैमरे पर स्प्रे मार छिड़क देता है, जिससे कुछ भी दिखाई नही दे रहा हैं। सीसीटीवी फुटेज में मुंह बांधे तीन चोर एटीम बूथ में देखे जाते हैं। अन्य दरवाजे पर खड़ा देखा जाता है। ऐसे में चोरों की संख्या तीन से पांच खोखे जा रही है। पुलिस फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान में जुटी है।

### सीएमएस कंपनी के कर्मी बोले : बजा अलार्म तो चोरों ने काट दिया तार

एटीएम में पैसे डालने वाली सीएमएस कंपनी के सिद्धार्थ की मानें बुधवार को एटीएम में करीब ग्यारह लाख रुपए थे। चोरों द्वारा एटीएम के शटर तोड़ा गया, तो पटना में अलार्म बजी। कुछ समय बाद अलार्म का तार काट दिया गया था। उसके बाद चोरों ने कैमरे पर स्प्रे मार दिया, जिससे आगे की घटना दिखाई नहीं दे। हालांकि सूत्रों की मानें तो अब एटीएम मशीन में हिडेन कैमरे लगे होते हैं, जिसमें सारे घटनाक्रम कैद हो जाते हैं। इधर, एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि सभी एटीएम में इमरजेंसी अलार्म सिस्टम होता है। लेकिन ग्रामीण इलाके में सेफ्टी की कोई व्यवस्था नहीं थी, जो रिजर्व बैंक के निर्देश के विपरीत है। इसे लेकर हम लोग इंश्योरेंस कंपनी और उच्चाधिकार को पत्र लिख रहे हैं। इधर, चोरी की घटना के बाद पुलिस के गश्ती पर भी सवाल उठने लगे हैं। थानाध्यक्ष प्रियंका गुप्ता की मानें तो वह रात खुद गश्ती में थी। रात 12 बजे के बाद वह लौटी थी। उस समय तक किसी प्रकार की कोई घटना नही हुई थी।लेकिन सवाल उठता है कि उसके बाद भी कोई गश्ती टीम क्षेत्र में आया या नही। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

## खबरें फटाफट

### विभिन्न कांडों के 13 आरोपी गिरफ्तार

**आरा।** अपराधियों की गिरफ्तारी और शराब के खिलाफ एसपी प्रमोद कुमार यादव के निर्देश पर जारी अभियान में दहेज हत्या सहित विभिन्न कांडों में 13 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उस दौरान हथियार और गोली बरामद की गयी है। अवैध शराब की 13 भट्ठियां ध्वस्त की गयी और 750 लीटर महुआ पास नष्ट किया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी गई। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मुफस्सिल थाने की पुलिस द्वारा एक देसी कट्टा और चार गोली के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया गया है। तरारी थाने की पुलिस द्वारा दहेज हत्या के आरोपित इटिम्हां गांव निवासी धर्मेंद्र पासवान को गिरफ्तार किया गया है। शराब के मामले में 10 लोगों की गिरफ्तारी हुई। इस दौरान 138 लीटर देसी महुआ शराब बरामद हुआ। चेकिंग के दौरान 454 वाहनों की जांच की गई। इस दौरान बिना कागजात के वाहन चलाने वालों से 80 हजार रुपया जुमार्ना वसूला गया। वहीं एसपी ने बताया कि लगातार अभियान चलाकर आगे की कार्रवाई की जाएगी। किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। इसके लिए पुलिस सख्त है।

### गीधा ओपी क्षेत्र के एक गांव की गुरुवार की रात की घटना

# विधायक के करीबी नेता की बेटी से छह ने किया सामूहिक दुष्कर्म

- आरोपित युवक और उसके परिजनों को पीटा
- बगल के गांव के छह लोगों पर बच्ची को उठा कर ले जाने के बाद रेप करने का आरोप

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर में एक विधायक के करीबी नेता की नाबालिग बेटी से सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आयी है। घर उठा कर ले जाने के बाद रेप करने का आरोप लगाया जा रहा है। घटना गीधा ओपी क्षेत्र के एक गांव की गुरुवार की रात की है। पीड़ित नौवीं की छात्रा है। देर रात वह घर से दूर आलू के खेत से बेहोशी की हालत में बरामद की गयी। इधर, घटना के बाद आरोपित युवक और उसके परिजनों को पकड़ पिटाई कर दी गयी। इधर, पुलिस के अनुसार आरोपित युवक भी घटना के बाद से लापता है। सूचना मिलने पर गीधा ओपी इंचार्ज प्रिया शिला घटना स्थल पर पहुंची और मामले को शांत



कराया गया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही। एफएसएल की टीम भी पहुंची और अपने स्तर से जांच की। उस क्रम में टीम सदर अस्पताल भी पहुंची और सैंपल कलेक्ट कर अपने साथ ले गयी। पुलिस किशोरी की मेडिकल जांच के बाद बयान दर्ज कराने में जुट गयी है।

**युवक से मारपीट की सूचना**

एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि गुरुवार की रात सूचना मिली कि गीधा ओपी क्षेत्र के एक गांव की एक लड़की के साथ गलत होने के आरोप में धीरज नामक एक लड़के और उसके परिजनों के साथ मारपीट की जा रही है। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और काफी मशक्कत के बाद घायलों लोगों को छुड़ाकर थाने ले गयी है। वरीय अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। शुरूआती पूछताछ में लड़की के पिता और परिजनों व परिजनों ने बताया कि धीरज और उसके कुछ दोस्त उनकी लड़की को घर उठाके ले जाकर उनके साथ जबरजस्ती की है। वह बेहोशी के हालत खेत में पायी गई है। उसके बाद पुलिस द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। उन्होंने बताया कि मामला स्पष्ट नहीं हो पाया है। लड़की की मेडिकल जांच करायी गयी है।

**पुलिस ने किया सेंपल कलेक्ट**

एफएसएल की टीम आरा सदर अस्पताल पहुंची और पीड़ित किशोरी का सैंपल कलेक्ट कर के अपने साथ ले गयी है। एसपी ने बताया कि जांच के दौरान यह मामला प्रकाश में आया है कि धीरज और उसके माता-पिता को पीड़ित किशोरी के परिजन मारपीट कर उनके घर से अपने घर ले गए थे। उसके बाद धीरज गायब है। उसकी भी तलाश की जारी। मामले को गंभीरता से लेते हुए वरीय अधिकारी की निगरानी में तथ्य के आधार पर जांच की जा रही है। जल्द ही अनुसंधान कर विधि संगत कार्रवाई की जाएगी। शादी समारोह में गये थे पिता और बड़े भाई, नाबालिग बेटी को हथियार के बल पर जबरन उठा ले गये आरोपित नाबालिग के साथ गैंगरेप के मामले में नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। किशोरी के पिता के बयान पर दर्ज प्राथमिकी में बगल के गांव के छह लड़कों को आरोपित किया गया है।

**शादी में गये थे परिजन**

प्राथमिकी में कहा गया है कि किशोरी के पिता और बड़े भाई गांव में ही एक शादी समारोह में गये थे। देर रात छह लड़के हथियार के साथ पहुंचे और धमकी देते हुए उनकी नाबालिग बेटी को जबरन उठा ले गए। उनके बेटे और पत्नी ने विरोध किया, तो धमकी भी दी गयी। सूचना मिलने पर किशोरी के पिता घर पहुंचे और खोजबीन शुरू की गयी। उसी दौरान घर से करी दो किलोमीटर दूरी पर स्थित आलू के खेत से उनकी बेटी को बेहोशी की हालत में बरामद किया गया। उसके कपड़े भी अस्त-व्यस्त थे। इधर, अस्पताल पहुंचे पीड़िता के परिजनों की महिला थाने की पुलिस के प्रति काफी रोष जताया गया। कहा जा रहा था कि पीड़िता की हालत खराब है और महिला थाने की पुलिस का कहना है कि कुछ नहीं हुआ है।

## एक नजर

### ट्रेन की चपेट में आने से दो व्यक्ति की मौत



**जहानाबाद।** जहानाबाद-गया पटना रेल खंड पर कोर्ट हॉल्ट पर ट्रेन की चपेट में आने से दो व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि रविन्द्र दास मखदुमपुर थाना क्षेत्र के महेवा गांव निवासी है विष्णुदेव ओक्षा जो बेला बीरा गांव का निवासी है, सभी तीनों लोग मजदूरी का काम करते हैं कोर्ट हाल्ट पर रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे तभी पटना की तरफ से जनशताब्दी एक्सप्रेस आ गई इसके चपेट में तीन लोग आ गए जिसमें रविंद्र दास सहित दो लोगों का घटनास्थल पर ही मौत हो गई। विष्णु देव ओझा नामक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया इस घटना की सूचना नगर थाने की पुलिस को दी गई घटनास्थल पर पुलिस पहुंचकर घायल व्यक्ति को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया वही दोनों शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया घायल व्यक्ति को गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर द्वारा पीएमसीएच रेफर कर दिया है। एक व्यक्ति की पहचान नहीं हुई है पुलिस अपने स्तर से पहचान करने में जुटी हुई है। लेकिन अचानक ट्रेन के चपेट में आने से दो लोगों की मौत होने के बाद होल्ट पर अफरा तफरी मच गई।

### ट्रेन से कटकर अज्ञात युवक की मौत

**औरंगाबाद।** ट्रेन से कटकर 27 वर्षीय एक युवक की मौत हों गई। मामला जम्होर थाना क्षेत्र के ओवर ब्रिज के समीप की हैं। हालांकि युवक की पहचान अब तक नहीं हों सकी हैं। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर , पहचान के लिए पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। घटना को लेकर दो अलग-अलग बाते सामने आई हैं, एक ओर जहां प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि युवक रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। इसी क्रम में यह हादसा हो गई। वहीं दूसरी ओर यह भी चर्चा हैं कि युवक ने ट्रेन से कटकर आत्म हत्या कर ली। लेकिन फिलहाल मामले में पुलिस शव की शिनाख्त करने और घटना के कारणों का पता लगा रही हैं। अपर थानाध्यक्ष ने बताया कि ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई है। शव की शिनाख्त हेतू पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है और विभिन्न स्त्रोतों पता लगाया जा रहा है।

### नशे में मारपीट, एक महिला सहित चार जख्मी

**औरंगाबाद।** कुटुंबा थाना क्षेत्र के सुही टोलें तुरता बिगहा गांव में पंचायत के दौरान मारपीट हों गई जिसमें एक महिला समेत चार लोग जख्मी हो गए। जख्मियों में गांव के ही सरयू राम, रामकेश राम, प्रवेश राम व शारदा देवी शामिल है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान परिजनों ने बताया कि गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा शराब के नशे में युवती के साथ मारपीट किया गया था। मारपीट मामलों को लेकर गांव में पंचायत बैठाया गया था। उक्त लोग पंचायत के दौरान भी शराब के नशे में थे, उसी दौरान मारपीट की, जिसमें चार लोग जख्मी हो गए। घटना के बाद पंचायत के लोगों ने किसी तरह दोनों पक्षों को अलग किया और आनन-फानन में सभी जख्मियों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल कुटुंबा पहुंचाया। जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल इस घटना की सूचना कुटुंबा थाना पुलिस को दे दी गई है। वहीं दूसरी ओर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। इसमें जो भी लोग दोषी होंगे उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

# सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराई कार, नागालैंड के व्यवसायी की मौत

**केटी न्यूज/आरा**

आरा-बक्सर फोरलेन पर गजराजगंज ओपी क्षेत्र के रामपुर मिल्की गांव के समीप शुक्रवार सुबह एक कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गयी। उसमें कार चला रहे युवा कपड़ा व्यवसायी की मौत हो गयी। हादसे में उनके तीन दोस्त गंभीर रूप से जख्मी हो गए। तीनों घायलों को पटना रेफर कर दिया गया है। मृत कपड़ा व्यवसायी तीयर थाना क्षेत्र के अरैला गांव निवासी स्व. दल सागर यादव के 30 वर्षीय पुत्र मनोज कुमार यादव थे।? उनकी नागालैंड के कोहिमा में कपड़े की दुकान है। घायलों में उसी के गांव के निवासी बालम यादव के 25 वर्षीय पुत्र संजय कुमार यादव, सुग्रीम रजक के 26 वर्षीय पुत्र कृष्ण कुमार और नरेश यादव का 25 वर्षीय पुत्र रविंद्र कुमार शामिल हैं। हादसे की सूचना पर ओपी इंचार्ज हरि प्रसाद शर्मा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। उसके बाद व्यवसायी के शव का पोस्टमार्टम कराया गय। इधर, कपड़ा व्यवसायी के भाई संतोष कुमार ने बताया कि उनके भाई मनोज कुमार यादव चार दिन पूर्व कोहिमा से गांव आए थे। गुरुवार की शाम अपने तीनों दोस्तों के साथ अपने एक मित्र के भाई



की शादी में भाग लेने सोनपुर गए थे। शुक्रवार की सुबह चारों कार से वापस लौट रहे थे। इसी बीच रामपुर मिल्की के समीप कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में उनके भाई की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि कार पर सवार उनके तीन दोस्त संजय कुमार यादव, कृष्ण कुमार और रविंद्र कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गए। बताया जा रहा है कि कपड़ा व्यवसायी अपने चार भाई और बहनों में दूसरे स्थान पर थे। उनके के परिवार में मां कलावती देवी, पत्नी मीरा देवी पुत्री माही एवं मनिष्का का है। घटना के बाद उनके घर में कोहराम मच गया। मां कलावती देवी और पत्नी मीरा देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# शादी से महज 10 रोज पहले पेंटर की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर के आयर थाना क्षेत्र के बरनांव गांव में शुक्रवार की दोपहर एक पेंटर की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गयी। इलाज के दौरान सदर अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया। परिजनों की ओर से विषैला पदार्थ खाने के कारण मौत होने की आशंका जताई जा रही है। मृत पेंटर बरनांव गांव निवासी जवाहिर महतो का 25 वर्षीय पुत्र रंजीत सोनू था। दस रोज बाद उसकी शादी होने वाली थी। पेंटर की बहन धनजू देवी ने बताया कि उसकी शादी बिहिया थाना क्षेत्र के बेलवानिया गांव तय हुई थी। 13 फरवरी को शादी होने वाली थी। शुक्रवार को सूचना मिली कि वह अपने कमरे में बेहोशी की हालत में पड़ा है। सूचना मिलने पर वह अपने मायके बरनांव पहुंची, तो देखा कि वह बेहोशी की हालत में कमरे में पड़ा है। उसके बाद उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। बहन धनजू देवी ने नशीला पदार्थ खाने के कारण मौत होने की आशंका जताई है। बताया जाता है कि पेंटर अपने दो भाइयों और एक बहन में छोटा था। उसके परिवार में भाई सुजीत और बहन धनजू देवी है। उसकी मां की कुछ वर्ष पूर्व निधन हो गया था।

# पूर्व मध्य रेलवे के डीआरएम ने जहानाबाद स्टेशन का किया निरीक्षण



**केटी न्यूज/जहानाबाद**

पूर्व मध्य रेलवे के डीआरएम सुनील कुमार खंडवाला ने रेलवे स्टेशन को निरीक्षण किया इस दौरान डीआरएम ने जहानाबाद रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते हुए साफ सफाई के साथ-साथ यात्री सुविधा के संबंध में जानकारी प्राप्त की। साथ ही विकास कार्यों का जाएजा लिया। गौरतलब हो कि अमृत भारत योजना के तहत भारत सरकार की ओर से रेलवे स्टेशनों का विस्तार कराया जा रहा है। ताकि रेलवे स्टेशन पर यात्रीयों को बेहतर सुविधा मिल सके इस योजना को लेकर जहानाबाद में भी निर्माण कार्य शुरू हो गया है जिसको देखने के लिए आज डीआरएम अपने अधिकारियों के दलबल के साथ पहुंचे थे। इस दौरान डीआरएम ने जानकारी देते हुए कहा कि इस रेल खंड पर कई जगहों पर निर्माण कार्य शुरू कराया गया है। जिसमें कई जगहों पर अंडरपास के साथ-साथ रेलवे स्टेशनों को कायाकल्प किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रेलवे विभाग ने रेलवे बजट में यात्रियों की सुविधा का काफी ख्याल रखा है सभी तरह की सुविधा यात्रियों को दी जा रही है।







# गणित के कठिन सवालों में उलझे परीक्षार्थी, केन्द्रों पर रही कड़ी सुरक्षा

**केटी न्यूज/बक्सर**

इंटरमीडिएट परीक्षा के दूसरे दिन शुक्रवार को सभी 27 परीक्षा केन्द्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दोनों पालियों की परीक्षा ली गई। पहली पारी में साइंस के गणित एवं दूसरी पाली में कला संकाय के राजनीति शास्त्र विषय की परीक्षा ली गई। परीक्षा में कुल 13 हजार 385 परीक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल होना था। जिसमें कुल 13 हजार 176 उपस्थित एवं कुल 209 अनुपस्थित रहे। जिसमें प्रथम पाली में कुल 6 हजार 203 उपस्थित एवं 101 अनुपस्थित थे। वहीं दूसरी पाली की परीक्षा में कुल 6 हजार 973 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 108 अनुपस्थित रहे। परीक्षा कदाचारमुक्त संपन्न हुई तथा सभी केन्द्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे। सभी





केन्द्रों के मेन गेट पर जांच कर प्रवेश दिया गया। इसके साथ ही सभी परीक्षार्थियों के चेहरे का मिलान एडमिट कार्ड एवं आई कार्ड से मिलान के बाद प्रवेश दिया गया। वहीं जिला मुख्यालय के तीन मॉडल परीक्षा केंद्रो पर उत्सवी माहौल में परीक्षा ली गई। दूसरे दिन भी डीएम अंशुल अग्रवाल व अन्य वरीय अधिकारियों ने लगातार केंद्रो का निरीक्षण करते रहे। इस दौरान डीएम ने केन्द्राधीक्षकों से बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के निदेशों का पालन करने का निर्देश दिया। परीक्षा हॉल से बाहर निकलते परीक्षार्थियों ने बताया कि गणित के सवाल काफी अच्छे थे। हालांकि परीक्षा हॉल से बाहर निकलने वाले परीक्षार्थियों की चिंताए बता रही थी कि वे गणित के सवालों में उलझे रहे। सभी केन्द्रों से शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त परीक्षा होने की जानकारी मिली है। वही किसी परीक्षार्थी को कदाचार के आरोप में निष्कासित नहीं किया गया।

## एक नजर

### स्वच्छता पर्यवेक्षकों ने बैठक कर सम्मानजनक मानदेय देने की मांग की, करेंगे आंदोलन



**डुमरांव।** शुक्रवार को डुमरांव के जंगलीनाथ शिव मंदिर परिसर में स्वच्छता पर्यवेक्षकों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले के विभिन्न पंचायतों के स्वच्छता पर्यवेक्षक सहित सफाईकर्मी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वच्छता पर्यवेक्षक संघ के जिलाध्यक्ष दिनेश यादव ने व संचालन कोषाध्यक्ष संजय बारी ने किया। अपने संबोधन में जिलाध्यक्ष ने कहा कि वो सरकार के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलते हैं। सुबह पांच बजे से रात सात बजे तक विभिन्न पंचायतों की साफ सफाई का जिम्मा उनके कंधों पर है, लेकिन उन्हें उचित मेहनताना नहीं मिलता है। वहीं स्वच्छता संबंधित कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए यूजर चार्ज 30 प्रति माह की दर से वसूली की प्रक्रिया को गतिमान करने पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं कर्मियों की मानदेय में वृद्धि किया जाए साथ ही सभी पर्यवेक्षक एवं कर्मियों की लंबे समय से लंबित मानदेय की भुगतान किया जाए। किसी का वेतन सात माह, किसी का पांच माह तो किसी का दस माह पर मिल रहा है। स्वच्छता पर्यवेक्षकों का पूरा परिवार इसी तनख्वाह पर आश्रित है। वहीं जिलाध्यक्ष ने बताया कि तनख्वाह भी इतनी कम है कि स्वच्छता पर्यवेक्षकों का पांच हजार और सफाई कर्मी का तीन हजार रुपया महीना है, जो कहीं से सम्मानजनक नही है, जबकि षष्टम वित्त आयोग में बिहार सरकार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा पत्र जारी कर यह स्पष्ट रूप से कहा गया है कि स्वच्छता पर्यवेक्षक का मानदेय 20000 और पंचायती राज के पत्र में उन्हे संविदा पर रखने का भी आदेश दिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी आदेशों को धत्ता बताते हुए उनकी मांगी को दरकिनार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अगर उनकी मांगे पूरी नहीं हुई तो वो आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस दौरान संगठन की मजबूती व कई अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान मौके पर उपस्थित स्वच्छता पर्यवेक्षक और सफाईकर्मियों में सरोज शर्मा, राजेश कुमार, संतोष कुमार, प्रदीप कुमार, विजय यादव, बृज कुमार, संजय गोंड, रंजन सिंह, राकेश दुबे, प्रदीप कुमार, पप्पू कुमार और विजय कुमार सहित अन्य कई उपस्थित रहें।

### डीएम-एसपी ने प्रखण्ड कार्यालय परिसर स्थित ईवीएम, वीवीपैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**बक्सर।** शुक्रवार को डीएम अंशुल अग्रवाल व एसपी मनीष कुमार ने निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रखण्ड कार्यालय परिसर स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान निर्वाचन आयोग के निर्देशों के मुताबिक वेयर हाउस में ईवीएम तथा वीवीपैट मशीन के रख रखाव, बिजली आपूर्ति, सफाई तथा वेयर हाउस में लगे सीसीटीवी कैमरों का निरीक्षण कर उपस्थित उप निर्वाचन पदाधिकारी कई आवश्यक निर्देश दिए तथा कहा कि ईवीएम व वीवीपैट मशीन के रख रखाव में निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करने को कहा। निरीक्षण के दौरान मौजूद भवन प्रमंडल बक्सर के कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि ईवीएम वेयर हाउस में तैनात सुरक्षाकर्मियों के रहने के लिए निमार्णाधीन गार्ड रूम का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करवाए। ताकी सुरक्षाकर्मियों को यहां ड्यूटि के दौरान किसी तरह की परेशानी न उठानी पड़े इसके अलावे भी कई बिंदुओं पर डीएम ने अपने मातहतों का ध्यान आकृष्ट कराया। इस दौरान एसपी न सुरक्षा गार्डो को मुश्तैद रहने की चेतावनी दी। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त डा. महेन्द्र पाल, उप निर्वाचन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल बक्सर एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## खबरें फटाफट

### किशोरी से दुष्कर्म मामले में डेढ़ महीने बाद भी आरोपी नहीं हुआ गिरफ्तार

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के एक गांव में 16 वर्षीय एक किशोरी के साथ शादी का प्रलोभन दे एक युवक ने कई दिनों तक दुष्कर्म किया था और बाद में शादी से मुकर गया था। इस मामले में पीड़िता ने 19 दिसंबर 2023 को ही नया भोजपुर ओपी थाने में उक्त युवक के साथ ही उसके परिजनों को आरोपित करते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी। पुलिस को दिए आवेदन में पीड़िता ने बताई थी कि उसके साथ आरोपित सूरज गुप्ता ने शादी का झांसा दे दुष्कर्म किया था, जबकि वह पहले से शादी शुदा था तथा इस बात की जानकारी मुझे नहीं दिया था। जब वह शादी से मुकर गया तो उसके पिता गुहार लगाने उसके घर गए तो उसके परिजन गाली गलौज करते हुए उसे भगा दिए। एफआईआर दर्ज होने के डेढ़ माह बीतने के बाद भी अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होने से किशोरी तथा उनके परिजनों में भय व्याप्त है। किशोरी के परिजनों ने पुलिस पर उदासीनता बरतने का आरोप लगाया है।

## डुमरांव में बने कई सामुदायिक शौचालय पर अतिक्रमणकारियों का है कब्जा

# नगर परिषद क्षेत्र में कुल 28 सामुदायिक शौचालय, इनमें आधे से अधिक बदहाल

- करीब तीन वर्ष पहले ओडीएफ घोषित हो चुका है डुमरांव नगर परिषद क्षेत्र
- सार्वजननिक शौचालयों की देखरेख और मरम्मत पर हर साल हो रहे लाखों रूपए खर्च
- लाखों खर्च के बाद सामुदायिक शौचालय के बदहाल होने से उठ रहे सवाल

**केटी न्यूज/डुमरांव**

करीब तीन वर्ष पहले ही डुमरांव नगर परिषद क्षेत्र ओडीएफ घोषित हो चुका है। स्वच्छता अभियान के पहले फेज में ही डुमरांव में बड़ी संख्या में शौचालय विहीन घरों में शौचालय बनवाया गया था, वही दलित बस्तियों, सार्वजनिक स्थलों तथा बड़े धार्मिक स्थलों के पास सामुदायिक शौचालय भी बनवाए गए थे, ताकी शहर को खुले में शौच से मुक्ति मिल सकें। इन सार्वजनिक शौचालयों के रख रखाव तथा सफाई के लिए लाखों रूपए खर्च किए जाते हैं। बावजूद इसका लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। बता दें कि नगर परिषद क्षेत्र में कुल 28 सामुदायिक शौचालय है। जिनमें आधे से अधिक बदहाल है तो कुछ पर अतिक्रमणकारियों का कब्जा है। ताज्जुब कि

**डुमरांव में स्वच्छ भारत अभियान का सपना हो रहा धराशायी**



जिन सार्वजननिक शौचालयों की देखरेख एवं मरम्मत पर हर साल लाखों रूपए खर्च किए जा रहे है, उनमें शायद ही कोई उपयोग लायक है। जिससे व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे है।

**अतिक्रमण के चपेट में है काली आश्रम के पास का सामुदायिक शौचालयः** स्थानीय नगर देवी मां काली आश्रम एक लोक आस्था का प्राचीन मंदिर है, जहां श्रद्धालुओं का आवागमन प्रतिदिन बना रहता है। श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर नगर परिषद प्रशासन ने कांव नदी से सटे सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया, जिस पर नगर परिषद ने पांच लाख से अधिक की राशि खर्च की थी। उम्मीद थी कि इस शौचालय के बनने से आसपास के लोगों के अलावे मंदिर में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को शौच करने में किसी प्रकार की असुविधा नही होगी लेकिन इन दिनों शौचालय के बाहर अतिक्रमणकारियों का कब्जा है। अतिक्रमणकारी बाहर के हिस्से को कब्जा कर उस पर झोपड़ी खड़ा कर दिया है। शौचालय के गेट के बगल में मवेशियों को बांधकर नाद चरण का निर्माण कर दिया है। साथ ही चारो तरफ बांस-बल्ले पर जाला लगाकर कब्जा कर लिया गया है, जिससे आम लोगों को काफी मुश्किलें हो गयी है। श्रद्धालु और आसपास के लोग खुले में शौच करने पर विवश है। मंदिर समिति के लोग इस मामले को लेकर कई बार नप प्रशासन से गुहार लगाया लेकिन प्रशासन मौन साधे है। ऐसी स्थिति में स्वच्छ भारत अभियान का सपना धराशायी हो रहा है। जानकारों का कहना है कि शहर में गरीब भूमिहीनों के लिए बने शौचालयों के बाहर अतिक्रमण और तालाबंद होने से उसका उपयोग नही हो रहा है। ऐसे शौचालय महज शो पीस बन गये है, जिस पर लाखों रुपये सरकारी धन खर्च कर यूं ही बर्बाद कर दिया गया।

**जारी है खुले में शौचः** भले ही डुमरांव नगर परिषद को कागजों में ओडीएफ घोषित कर दिया गया है। लेकिन, धरातल पर स्थिति कुछ और ही बयां कर रही है। शहर का एक भी वार्ड ऐसा नहीं है जहां खुले में शौच नहीं होता है। खुले में शौच के कारण कई मोहल्लों से गुजरना भी मुश्किल हो जाता है। सामूदायिक शौचालयों की बदहाली इस बात की तस्दीक कर रही है शहर ओडीएफ मुक्त नहीं हो सका है। इसकी पुष्टि करते हुए पूर्व वार्ड पार्षद ने कहा कि वे इसकी शिकायत नगर विकास विभाग से कर चुके है।

**नहीं हो सका ईओ से संपर्कः** इस संबंध में नगर परिषद के ईओ अनिरूद्ध प्रसाद तथा प्रधान सहायक दुर्गेश कुमार सिंह से संपर्क स्थापित करने का प्रयास किया गया, लेकिन किसी ने मोबाईल रिसीव नहीं किया, जिस कारण उनका पक्ष नहीं लिया जा सका।

# केसठ में 10 दिन के दौरान चोरी की दो घटना के बाद हरकत में आई पुलिस, डीएसपी ने की जांच

- छः को संदेह के आधार पर उठा ले गए डीएसपी
- ग्रामीणों ने चोरी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए केसठ में पुलिस चौकी खोलने की मांग की

**केटी न्यूज/केसठ**

केसठ गांव में दिनदहाड़े चोरी की घटनाओं में इजाफा होने के बाद पुलिस प्रशासन सक्रिय हुआ है। ज्ञात हो कि चोरों द्वारा दिनदहाड़े बंद घरों को निशाना बनाया जा रहा है। जिससे क्षेत्र के लोगों में भय व्याप्त है। वहीं लोगों का स्थानीय प्रशासन से विश्वास उठता जा रहा है। बीते दस दिन में केसठ में दो घरों में चोरों ने लाखों के जेवर सहित नगदी की चोरी हुई है। जिसके बाद डुमरांव डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी गुरुवार की शाम केसठ पहुंच चोरी की घटना की जानकारी ली।

इस दौरान ग्रामीणों ने दिनदहाड़े हो रहे चोरी की घटना को ले स्थानीय



प्रशासन की शिकायत डीएसपी से की। जिसके बाद डीएसपी ने जमकर स्थानीय प्रशासन को फटकार लगाई। वहीं डीएसपी एवं डीआईओ की टीम ने केसठ पहुंच नया बाजार केसठ व मच्छरहट्टा में सघन चेकिंग अभियान चलाकर संदेह के आधार पर छः लोगों को हिरासत में लेकर नावानगर थाना ले गई। हालांकि हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ में क्या जानकारी मिली है इस पर पुलिस ने कुछ नहीं बताया। वहीं प्रशासन द्वारा बाजार में चेकिंग अभियान चलाएं जाने से शराबियों व अन्य नशा करने वालों में भय मचा रहा। डीएसपी ने कि केसठ में शराब व मादक पदार्थों के सेवन करने वालों की संख्या काफी बढ़ गई है। जो नशा के आदी हो गए हैं तथा अपनी लत को पूरा करने के लिए चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। ऐसे में चोरी की घटना को बंद करने लिए प्रशासन क्षेत्र में जांच अभियान चलाकर वैसे लोगों पर करवाई करेगी। वहीं ग्रामीणों ने चोरी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए केसठ में पुलिस चौकी खोलने की मांग पुलिस कप्तान से की है। मौके पर नावानगर प्रभारी थानाध्यक्ष नंदू स्थानीय चौकीदार समेत कई अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# एक साल से बंद है प्लस टू उच्च विद्यालय नचाप के रात्रि प्रहरी का मानदेय भुगतान

**केटी न्यूज/डुमरांव**

अनुमंडल के प्लस टू उच्च विद्यालय नचाप के रात्रि प्रहरी विनोद कुमार का पिछले एक साल से मानदेय भुगतान बंद हो गया है। फरवरी 2023 से ही उसे मानदेय नहीं मिला है। जबकि इसी मानदेय के सहारे वह अपने परिवार की गाड़ी चलाता था तथा बीमार मां का इलाज करवाता था। लेकिन मानदेय बंद होने से बीमार मां के इलाज के साथ ही दो वक्त के रोटी का जुगाड़ भी मुश्किल हो रहा है।

इस संबंध में पीड़ित रात्रि प्रहरी विनोद ने जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, डीईओ तथा डीएम को पत्र लिख मानदेय भुगतान की गुहार लगाई है। पीड़ित ने बताया है कि वह 12 जून 2020 से इस विद्यालय में रात्रि प्रहरी के पद पर कार्यरत है। पहले उन्हें मानदेय मिलता था, लेकिन फरवरी 2023 से मानदेय का भुगतान बंद है। रात्रि प्रहरी ने बताया कि वह पूरे मनोयोग से अपने कर्तव्य का निर्वहन करता है तथा रात में विद्यालय की सुरक्षा में मुश्तैद रहता हूं। बावजूद विभाग द्वारा उसकी समस्याओं



की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने डीएम से मानदेय भुगतान कराने की गुहार लगाई है। उच्च माध्यमिक विद्यालय नचाप के प्रभारी प्रधानाध्यापक मुक्तेश्वर प्रसाद ने बताया कि वे फरवरी 2023 में इस विद्यालय का कार्यभार संभालने थे। लेकिन उन्हें रात्रि प्रहरी से संबंधित कागजात पूर्व एचएम के द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया है। जिस कारण भुगतान बाधित है।

**क्या कहते हैं डीपीओ :** प्लस टू उच्च विद्यालय नचाप में कार्यरत रात्रि प्रहरी के एक साल से बकाया मानदेय भुगतान का मामला संज्ञान में आया है। इसको लेकर जांच पड़ताल चल रही है। अविलंब भुगतान किया जाएगा। **- रजनीश उपाध्याय, डीपीओ माध्यमिक शिक्षा।**




## ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल का 13 वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न

# छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रस्तुति से मंच पर बिखेरा कला का जादू

**केटी न्यूज/नावानगर**

प्रखंड के रूपसागर स्थित ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल का 13 वां वार्षिकोत्सव शुक्रवार को धूम धाम से मनाया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्र छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का उदघाटन एचडीएफसी बैंक के प्रबंधक सूर्य भूषण कुमार, स्थानीय पंचायत के मुखिया वृज कुमार सिंह, नावानगर के मुखिया प्रतिनिधि एजाजुल हक आदि ने संयुक्त रुप से



फीता काट कर किया।

विद्यालय के निदेशक दीपक कुमार व अध्यक्ष रमेश सिंह द्वारा अतिथियों तथा गणमान्य लोगों को अंग वस्त्र एवं फूल माला से सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत गीत व गणेश वंदना से हुई। छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक मनमोहक गाने पर नृत्य कर लोगों का मन मोह लिया। वार्षिकोत्सव पर छात्र-छात्राओं ने बापू मैं पढ़ना चाहती हूं, दहेज एक कुप्रथा जैसे सामाजिक नाटक तथा गानों पर नृत्य की प्रस्तुति कर उपस्थित लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर किया। निदेशक दीपक कुमार ने अपने संबोधन में अतिथियों का आभार जताते हुए विद्यालय की उपलब्धि पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस विद्यालय की स्थापना क्षेत्र के बच्चों को उच्च तकनीकी व आधुनिक शिक्षा देने के लिए किया गया है। पिछले 12 सालों में इस उदेश्य को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का प्रयास काफी सराहनीय है। उन्होंने विद्यालय के उत्तरोत्तर वृद्धि के लिए विद्यालय परिवार के साथ ही अभिभावकों का आभार भी जताया। उदघोषक के रूप में नौवीं कक्षा की छात्रा रोमा, राशि, गीतांजलि, मधु, प्रकाश व ऋषि के प्रयास सराहनीय रहे तथा लोगों ने उनके उद्घोषणा की भूरि-भूरि प्रशंसा की। प्राचार्य दिग्विजय पाण्डेय के धन्यवाद ज्ञापन के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया।



# बर्ड फेस्टिवल डे पर हुई 1230 विभिन्न प्रजाति के पक्षियों की गणना

♦ **छात्र छात्राओं के बीच सरेसर वन विभाग के प्रांगण में बताई गई पक्षियों की पहचान**

**केटी न्यूज/चंदौली**

सरेसर स्थित वन विभाग के प्रांगण में शुक्रवार को बर्ड फेस्टिवल डे समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर पक्षियों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। विभिन्न प्रजाति के पक्षियों को देखकर इनकी पहचान बताने का काम बंद कर्मियों ने किया सरेसर वन विभाग के प्रांगण में शुक्रवार को समारोह पूर्वक बर्ड फेस्टिवल डे मनाया गया। इस दौरान प्राथमिक विद्यालय सरेसर के नन्हे मुन्ने बच्चों को विभिन्न प्रजाति के पक्षियों के बारे में जानकारी दी गई। वहीं इनके संरक्षण व रखरखाव को लेकर जागरूक किया गया। इस दौरान कुल 1230 पक्षियों की गणना वन विभाग के कर्मियों द्वारा किया गया। तत्पश्चात गोष्ठी का आयोजन कर रेंजर मुगलसराय रेंज रामनारायण ने कहा कि रखरखाव जागरूकता के अभाव में बहुत से पक्षी विलुप्त हो चुके हैं। ऐसी स्थिति में हमें पक्षियों को का संरक्षित करने की जरूरत है। जगह-जगह इनके लिए घोसला बनाकर उनके रखरखाव की व्यवस्था की जाए। वहीं घायल पक्षियों को किसी भी स्थिति में इलाज



करा कर उसे संरक्षित किया जाए। कहा कि प्रकृति को संतुलित रखने के लिए पक्षियों का बहुत बड़ा महत्व है। अनेक प्रकार से यह प्रकृति के साथ-साथ मनुष्य को भी लाभ पहुंचाने का काम करते हैं। संचालन कर रहे प्रधानाध्यापक अवनीश कुमार यादव ने कहा कि जीव जंतुओं के साथ-साथ पशु पक्षियों का प्रकृति के साथ बहुत बड़ा रिश्ता है।

## डीएम ने किया गौ आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण

**मऊ।** नवागत जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने नगर पालिका परिषद मऊनाथ भंजन में गायघाट स्थित गौशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने गौ आश्रय स्थल में गायों की संख्या के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने वहां पर उपस्थित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि गौ आश्रय स्थल में सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करें। डीएम ने निरीक्षण के दौरान गौशाला की साफ सफाई एवं गायों के लिए पर्याप्त मात्रा में भूसे एवं चारे की व्यवस्था को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने संबंधित पशु चिकित्सा अधिकारी को नियमित मॉनिटरिंग करते हुए बीमार पशुओं का इलाज करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश देते हुए कि समय-समय पर पशुओं को टीका दिया जाए। ताकि वह कई तरह की बीमारियों से बच सके। निरीक्षण के दौरान डीएम ने स्टाक रजिस्टर की भी जांच की गई। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि गौशाला में कर्मचारियों की शिफ्टवार ड्यूटी लगाकर गौशालाओं की सभी व्यवस्था सुनिश्चित रखे। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही ना करें। अन्यथा की स्थिति में संबंध के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## एक नजर

### कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई जुमा की नमाज



**चंदौली।** ज्ञानव्यापी मस्जिद को लेकर कोर्ट का फैसला आने के बाद शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर नगर क्षेत्र में पुलिस काफी सतर्क रही। संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल फ्लैग मार्च की। जुमे की नमाज सकुशल संपन्न हो गया। मुगलसराय और अलीनगर में सुबह से ही पुलिस प्रशासन अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर मस्जिदों का जायजा लिया। मस्जिदों के आस-पास तथा सार्वजनिक स्थलों पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स की तैनाती की गई थी। अधिकारियों की सतर्कता से शुक्रवार को जिले में शांति रही। पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार का कहना है कि शांति व्यवस्था कायम रहे इसके लिए पर्याप्त पुलिस फोर्स की व्यवस्था की गई है। ज्यादा से ज्यादा अतिरिक्त पुलिस फोर्स की व्यवस्था रिजर्व रखी गई है। मुस्लिम बाहुल्य और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में भी विशेष सतर्कता बरती जा रही है। मुगलसराय में जुम्मे की नमाज को लेकर मुगलसराय कोतवाली पुलिस एलर्ट रही। कोतवाल विजय बहादुर सिंह हमराहियों के साथ लगातार गस्त करती रही।

### एसटीएफ-एलआईयू की निगरानी में होगी बोर्ड परीक्षा

**बलिया।** शासन ने यूपी बोर्ड की परीक्षा को नकल विहीन कराने के निर्देश दिए हैं। अति संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर एसटीएफ की तैनाती होगी। सामूहिक नकल पकड़े जाने पर सेक्टर मजिस्ट्रेट या स्टेटिक मजिस्ट्रेट जिम्मेदार माने जाएंगे। डीआईओएस रमेश सिंह ने बताया कि नकल माफिया पर नकेल कसने के लिए इस बार एसटीएफ और एलआईयू की विशेष टीमों की मदद ली जाएगी। इस बाबत मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने पत्र लिख कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा है। जिले में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से 607 विद्यालय हैं। परीक्षा के लिए एक लाख 38 हजार 526 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया है। इनमें 10वीं के 65,906 और 12वीं के 72,674 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। 177 परीक्षा केंद्र बनाएं गए हैं। परीक्षा को शुचिता पूर्व कराने के लिए प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र ने डीएम को कड़ी निगरानी में परीक्षा कराने के लिए पत्र भेजा है। परीक्षाएं 22 फरवरी से नौ मार्च के बीच होंगी।

### भीम बाल एकेडमी के अध्यक्ष बने बुल्लू यादव

**चंदौली।** भीम बाल एकेडमी के सदस्यों का चुनाव शुक्रवार को एकेडमी के निर्वाचन कमेटी के सदस्यों द्वारा किया गया। इसमें बुल्लू यादव को अध्यक्ष व शंकर सिंह चौहान को कोषाध्यक्ष और मनोज कुमार को सचिव नियुक्त किया गया, जहां 2023 की कमेटी को भंग करके नए पदाधिकारियों के चयन के लिए चुनाव कराया गया। यह चुनाव ओलंपिक संघ के सचिव पीपी यादव के देख-रेख में संपन्न हुआ। इसमें दो सदस्यों के चुनाव में रामू यादव और ओम नारायण शर्मा को सदस्य चुना गया। इस दौरान भीम वॉलीबॉल के संस्थापक भीम यादव, कमलेश यादव, राजेश कुमार, राकेश भारती, गोविंद चौहान, जय यादव उपस्थित थे।

### जिला महिला अस्पताल में जांच किट निकला नकली, हंगामे के बाद हुआ खुलासा

**बलिया।** जिला महिला अस्पताल में होने वाली जांच अब सवालों के घेरे में है। दरअसल पूरा मामला जिला महिला अस्पताल में प्रसव के लिए आई एक महिला की एचसीवी जांच रिपोर्ट से जुड़ा है। तीमारदारों का आरोप है कि अस्पताल से एचसीवी की जो रिपोर्ट दी जा रही है वो गलत यानी नकली है। तीमारदार ने बताया इसकी जानकारी तब हुई जब बाहर से एचसीवी की जांच कराई गई, तो हमारे भी होश उड़ गए। अस्पताल द्वारा एचसीवी की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद प्रसूता को चिकितस्का द्वारा रिपोर्ट क्रिटीकल बताते हुए रैफर कर दिया गया। वही परिजनों की माने तो शंका होने पर जांच बाहर से कराया तो निगेटिव रिपोर्ट आया वो भी तीन बार अलग अलग कम्पनी के एचसीवी किट से। तीमारदारों ने इसकी शिकायत अस्पताल की सीएमएस से किया। इस मामले पर सीएमएस ने बताया कि मामला संज्ञान आते ही कार्रवाई करते हुए फाल्स किट को वापस कराया जा रहा है सीएमएस का कहना एचसीवी किट डिस्ट्रिक वेयर हाउस से आया है। बताई मुझे शिकायत मिली तो मरीज को दुबारा बुला कर अस्पताल के किट से जांच कराई तो पॉजिटिव आया फिर बाहर से किट मंगा कर अपने सामने जांच कराई तो निगेटिव आया।

## खबरें फटाफट

### किशोरी से छेड़खानी करने वाला गिरफ्तार

**चंदौली।** सकलडीहा कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को एक छेड़खानी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह मनचला एक किशोरी के स्कूल जाते समय सरेराह छेड़खानी किया था। किशोरी के पिता ने इसकी लिखित शिकायत पुलिस से की। इसपर मुकदमा दर्ज करते हुए कोतवाल राजीव कुमार सिंह मनचले को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। कोतवाल राजीव सिंह ने बताया कि कस्बा के सम्मय माता मंदिर के पास से अभियुक्त गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवक सकलडीहा कस्बा निवासी त्रिवेणी राम का पुत्र मंगल राम है।

### डीएम-एसपी ने नगर में किया रुट मार्च

**गाजीपुर।** जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने भारी पुलिस बल के साथ शहर के विभिन्न मार्गो का पैदल रूट मार्च किया। अधिकारी द्वय ने शहर के विशेश्वरगंज चौराहे से रौजा होते हुए होम्योपैथिक राजकीय कालेज के रास्ते एमएच इंटर कालेज तक रूट मार्च किया। रुट मार्च के दौरान उन्होंने लोगों से जनपद में शांति बनाए रखने की अपील करते हुए किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नगर, उपजिलाधिकारी सदर आदि उपस्थित रहे।

### झूठी खबर देने वाला गिरफ्तार

**गाजीपुर।** करीमुद्दीनपुर पुलिस को लूट की झूठी खबर देने वाले युवक को करीमुद्दीनपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर दस लाख रुपये बरामद कर अभियुक्त के घर से रुपये बरामद कर उसका संबंधित धाराओं में चालान कर कोर्ट में पेश किया। बलिया जनपद के नरहीं थाना अंतर्गत ग्राम टुटवारी निवासी सम्राट कुमार राय पुत्र हरिकिशन राय द्वारा 31 जनवरी की रात्रि को करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के लट्ठूडीह गांव के मगई पुलिया के पास से 10 लख रुपये व मोबाइल लूटे जाने की सूचना करीमुद्दीनपुर पुलिस को दी गई। लूट की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रियता में जुट अभियुक्त से इस बाबत पूछताछ की। पूछताछ के दौरान शक हुआ तो पुलिस ने शिकायतकर्ता के मोबाइल नंबर से सीडीआर निकाल कर डिटेल जांच किया पुलिस को कुछ और ही जानकारी मिली। पुलिस ने अभियुक्त से कड़ाई से पुछताछ में लग गई। इस बाबत शिकायतकर्ता से बातचीत के बाद शिकायतकर्ता द्वारा लूट की झूठी सूचना देने की बात स्वीकार करते हुए बताया गया कि कोई लूट नहीं हुई है। 10 लाख रुपये घर में रखकर गबन करने की नीयत से इस तरह की झूठी सूचना पुलिस को दी थी। जिस पर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शिकायतकर्ता के घर से दो फरवरी की सुबह शिकायतकर्ता द्वारा बताए गए स्थान से 500 रुपये के नोट की गाड्डी के 10 लाख रुपये बरामद कर धोखाधड़ी सहित संबंधित धाराओं में उसका चालान कर पुलिस ने उसे कोर्ट भेज दिया। थानानाध्यक्ष ने बताया कि पकड़ा गया अभियुक्त पुलिस को खूब छकाया है।

## विकसित राष्ट्र बनाने में युवा करें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

# स्मार्टफोन का करें सही उपयोग : कृष्ण

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर में विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत कुशलपाल सभागार में वाणिज्य एवं कृषि संकाय के छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा गाजीपुर के लोकसभा प्रभारी एवं प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य श्रीकृष्ण बिहारी राय रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ०) राघवेंद्र कुमार पांडेय, मुख्य नियंता प्रोफेसर(डॉ०)एसडी सिंह, स्मार्ट फोन योजना के नोडल अधिकारी प्रोफेसर (डॉ०) एसएन सिंह कर्मचारी नेता विवेक सिंह शम्मी ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। प्राचार्य प्रोफेसर पांडेय का कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सूचना क्रांति के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि स्मार्टफोन के माध्यम से छात्र-छात्राएं इस तकनीकी युग के अनुरूप स्मार्ट बन सकते है। उन्होंने बताया कि आज के युग में युवाओं



को ऑनलाइन अध्ययन के लिए शासन की ओर से दिए जाने वाले स्मार्टफोन टैबलेट का सदुपयोग करना चाहिए। मुख्य अतिथि कृष्णबिहारी राय ने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि स्मार्टफोन के माध्यम से योगी आदित्यनाथ सरकार ने ज्ञान का भंडार आपके हाथों में प्रदान किया है। आप द्वारा स्मार्टफोन का उपयोग केवल ज्ञान के वृद्धि के लिए होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने देश के युवा शक्ति का आवाह्न किया कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान प्रदान करें। प्रधानमंत्री का मानना है कि युवाओं के बल पर ही भारत विकसित राष्ट्र बनेगा। देश व दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक भारत, श्रेष्ठ भारत का जो सपना देखा हैं, वह सूचना क्रांति का सकारात्मक प्रभावी क्रियान्वयन से ही सफल होगा। इसी को ध्यान में रखकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना चलाकर युवाओं को स्मार्टफोन एवं टैबलेट उपलब्ध करा रहे हैं।

# एसडीएम ने दिखाई दबंगई दुकानदार की कर दी पिटाई

**केटी न्यूज/बलिया**

अफसर किस तरीके से बेलगाम हैं इसकी बानगी सिकंदरपुर तहसील में देखने को मिली है। सीसीटीवी फुटेज एसडीएम साहब की करतूत बताने के लिए काफी है। एसडीएम ने जो कारनामा किया उससे आज पूरे कस्बे में प्रशासन को लेकर धारणाएं बदल गई हैं। अपने रोब को लेकर निकले एसडीएम ने एक स्वर्ण व्यवसायी को उसके परिवार के सामने ही पिटाई कर दी। एसडीएम के हाथ छोड़ते ही उसके सुरक्षा गाड्र्स ने भी स्वर्ण व्यवसायी पर पर ताबड़तोड़ हाथ साफ करना शुरू कर दिया। अपने किए पर पर्दा डालने वाले अफसर शायद भूल गए थे कि उनकी करतूतें सीसीटीवी कैमरे में कैद हो रही है। बस वीडियो वायरल होते ही एसडीएम साहब बैकफुट पर भी आ गए। मीडिया के सवाल पर एसडीएम साहब साफ-साफ इनकार करते हैं कि मैंने मारा नहीं है लेकिन जब वीडियो के बारे में पूछा गया तो एसडीएम साहब के भी होश उड़ गए हैं। स्वर्ण व्यवसाई दीपक की मानें तो साप्ताहिक बंदी के लिए दुकान बंद कराया जा रहा था। दीपक का कहना है कि मेरी दुकान और घर एक ही में संयुक्त है। शुक्रवार को बंदी रहता है। दुकान सफाई हम कर रहे थे। बंदी का हम सम्मान करते हैं। इतने में एसडीएम सिंकदरपुर आए और हाथापाई करने लगे। उनके दो कॉन्स्टेबल भी अंदर आ गए। जबरदस्ती थाना ले जाने की बात करने लगे।

अब सवाल यह उठता है कि साप्ताहिक बंदी में अगर कोई दुकान खोलता है तो निर्देश के मुताबिक उस दुकान की चालान की जाती है ना कि उस दुकान पर अधिकारी टूट पड़े लेकिन सिकंदरपुर एसडीएम रवि कुमार को पता नहीं था कि मेरा कारनामा सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो रहा है। सिकंदरपुर एसडीएम रवि कुमार का कहना है कि यहां के व्यापारियों से तय हुआ था साप्ताहिक बंदी को लेकर और मैं उसी को लेकर के निरीक्षण कर रहा था। किसी के साथ अभद्रता नहीं की गई है। लेकिन जब एसडीम साहब को सच्चाई से रूबरू कराने के लिए वीडियो प्रेषित किया गया। जिसमें यह साफ दिख रहा कि एसडीएम दुकान के अंदर जाते ही दुकानदार के साथ मारपीट करने लग जाते है। सीसीटीवी में दिख रहा है कि उनके साथ पुलिस के जवान भी साथ है। वह भी दुकानदार के साथ हाथापाई कर रहे है। फुटेज देखते ही एसडीएम साहब के भी होश उड़ गए। मामला जांच में चल रहा है।

# सड़क दुर्घटना में किसान की मौत



**केटी न्यूज/ गाजीपुर**

करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव अंतर्गत बाबू लाल के पूरा निवासी रामप्रसाद सिंह यादव (55) सड़क पार करते वक्त सड़क दुघर्टना में गंभीर रूप से घायल हो गए। वह घर से खेत में काम करने जा रहे थे। घायलावस्था में ग्रामीण इलाज के लिए जिला अस्पताल गाजीपुर ले गए, जहां देर रात डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक रामप्रसाद (55) पुत्र सुंदर यादव गुरुवार की देर शाम घर से खेत की तरफ जा रहे थे। गांव के सामने मुहम्मदाबाद- चितबड़ागांव मार्ग को पार करते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए परिजन मुहम्मदाबाद ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में डाक्टरों की सलाह पर परिजन जिला अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक रामप्रसाद की पत्नी भागमनी देवी की मौत पांच साल पहले हो गई है। अपने पीछे तीन बेटे धन्नजय, संजय व मृत्युंजय तथा दो पुत्री कंचन व ममता को छोड़ गए हैं। भाई मुन्ना सिंह यादव ने थाने में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ तहरीर दी है। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है पुलिस जांच में जुट गई है।

# चितबड़ागांव नगर पंचायत के आउटसोर्सिंग कर्मचारी हुए लामबंद, भुगतान पर अड़े

**केटी न्यूज/ चितबड़ागांव**

बकाया पारिश्रमिक भुगतान की मांग को लेकर नगर पंचायत चितबड़ागांव में आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों ने शुक्रवार की दोपहर जमकर हंगामा किया। इस दौरान आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों ने ईओ अनिल कुमार को ज्ञापन भी सौंपा। आउट सोर्सिंग कर्मचारियों का कहना है कि बीते तीन माह से हम लोगों को पारिश्रमिक नहीं दिया जा रहा है। जिससे हमारे परिवार के सामने भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। बताया कि अब हम लोग मन बना लिए हैं। जब तक हम लोगों का बकाया पारिश्रमिक का भुगतान नहीं हो जाता, हम लोग काम नहीं करेंगे। इस मौके पर अरविंद कुमार, रणविजय सिंह, संदीप कुमार, राजू सिंह, बृजेश सिंह, अजीत कुमार, राकेश कुमार गुप्ता, अक्षय कुमार तिवारी, हरेन्द वर्मा, मुरारी सिंह,



दुर्गेश, सुरज रावत, करन कुमार, परमेश्वर राम सिंह मौजूद रहे। बता दें कि शुक्रवार की सुबह जब आउटसोर्सिंग कर्मचारी लामबंद होकर नगर पंचायत के ईओ अनिल कुमार के आवास पर पहुंचे उनसे मिलने के लिए तो ईओ कर्मचारियों की समस्या सुनने के बजाय मौके से खदेड़ दिया। हां बाद में ईओ ने जरूर कहा कि आप लोग कार्यालय में आइए। लेकिन अफसोस ईओ दोपहर एक बजे कार्यालय पहुंचे ही नहीं थे। जिससे आउटसोर्सिंग कर्मचारीगण नाराज हो गए और जमकर हंगामा किया। उनलोगों का कहना था कि कर्मचारियों के साथ अक्सर ऐसा किया जा रहा है। उनकी कोई परवाह नहीं की जा रही है।

## सीएमओ ने एक से 19 साल के आयु वर्ग के कुल 790 बालक-बालिकाओं को कृमि से मुक्ति की दवा खिलाई

# निर्धारित समय में बच्चों को कृमि दवा खिलाने का लक्ष्य करें पूरा : सीएमओ

**केटी न्यूज/मऊ**

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का उद्घाटन जनपद के आदर्श इंटर कॉलेज ब्लाक रानीपुर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नंदकुमार द्वारा किया गया। इस अभियान में सीएमओ ने एक से 19 साल के स्कूल में कुल 790 बालक - बालिकाओं को कृमि से मुक्ति (पेट के कीड़े निकालने) के लिए एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई। कार्यक्रम में डीसीपीएम, एआरओ एवं ब्लॉक से चिकित्सा अधीक्षक आरबीएसके टीम के सदस्य ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक, ब्लॉक सामुदायिक प्रबंधक आदि उपस्थित रहे। सीएमओ डा. नन्द कुमार ने बताया



कि जिले के नगर समेत सभी ब्लॉकों के अंतर्गत आने वाले सरकारी एवम गैर सरकारी स्कूल-कॉलेज, मदरसा और कुल 2585 आंगनबाड़ी केंद्रों में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान चला कर एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। इसके बाद छूटे हुए बच्चों के लिए 05 फरवरी को मॉपअप चरण आयोजित होगा। 12.29 लाख बालक-बालिकाओं को दवा खिलाने का लक्ष्य है। जिसमें शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने का प्रयास स्वास्थ्य विभाग शिक्षा विभाग, आईसीडीएस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से प्रयास कर किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन ब्लॉक परदहा में फातिमा स्कूल में किया गया कुल उपस्थिति बच्चों को दवा खिलाई गई कार्यक्रम का उद्घाटन डिप्टी सीएमओ डॉ आरएन सिंह द्वारा किया गया कार्यक्रम में जनपद से डी ई आई सी प्रबंधक, एनडीडी डीसी एवं ब्लॉक से बीपीएम चिकित्सा अधीक्षक इत्यादि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन ब्लॉक घोसी में जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम द्वारा कंपोजिट विद्यालय घोघवल में किया गया कार्यक्रम के दौरान आरबीएस के टीम उपस्थित रहे उपस्थित सभी बच्चों को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। ब्लॉक फतेहपुर मंडाव में एनडीडी नोडल अधिकारी डॉ बीके यादव एसीएमओ द्वारा विद्यालय मधुबन में किया गया, जहा ब्लॉक के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। ब्लॉक कोपागंज में बापू इंटर कॉलेज में डिप्टी सीएमओ डा. वकील अली द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया कार्यक्रम स्थल पर चिकित्सा अधीक्षक स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक एवं ब्लॉक समुदाय प्रक्रिया प्रबंधक इत्यादि लोग उपस्थित रहे।




